(iii) BWhw या उष्ण कटिबंधीय शुष्क मरूस्थलीय जलवायु प्रदेश - राजस्थान के पश्चिमी भाग में
(iv) BShw या अर्द्धशुष्क जलवायु प्रदेश - जालौर, बाड़मेर, सिरोही, पाली, नागौर, जोधपुर, चुरू, सीकर आदि जिलों में।

426. राजस्थान के लिए दक्षिण पश्चिम मानसून के संबंध में क्या सही है?

(a) आमतौर पर इसकी मई के पहले पखवाड़े तक पूरे राजस्थान में शुरूआत हो जाती है
(b) आमतौर पर यह अगस्त के अंत तक पूरे राजस्थान से वापस चला जाता है
(c) आमतौर पर इसकी जुलाई के पहले पखवाड़े तक पूरे राजस्थान में शुरूआत हो जाती है
(d) आमतौर पर यह नवम्बर के अंत तक पूरे राजस्थान से वापस चला जाता है

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (c) : राजस्थान में मानसून की दो शाखाएँ है– पहला अरब सागर शाखा मानसून व दूसरा बंगाल की खाड़ी शाखा। दक्षिण-पश्चिम मानसून राजस्थान में अरब सागर की ओर से जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक पूरे राजस्थान में प्रवेश कर जाता है, जो अंतिम सितम्बर तक वापस जाने लगता है। इसी मानसून से अरावली पर्वत की चोटी गुरु शिखर से टकराकर पर्याप्त वर्षा करती है।

427. राजस्थान में निम्नलिखित में से किस प्रकार के वन 75 से 110 सेमी औसत वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं?

(a) उष्णकटिबन्धीय कंटीले वन तथा झाड़ियाँ
(b) मिश्रित पतझड़ वन
(c) शुष्क वन
(d) शुष्क सागवान वन

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (d) : राजस्थान में शुष्क सागवान वन 75 से 110 सेमी. औसत वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते है। यह वन क्षेत्र बाँसवाड़ा,डूंगरपुर जिले में पाये जाते है।

428. राजस्थान में धूलभरी आँधियाँ (Dust Storms) चलने केलिए आवश्यक दशा कौन सी है?

(a) उच्च वार्षिक तापान्तर
(b) शीत ऋतु में उच्च वायुदाब
(c) संवहनीय क्रियाएँ
(d) तिब्बत के पठार पर निम्न वायुदाब दशाएँ

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (c) : राजस्थान में धूलभरी आँधियों के चलने के लिए संवहनीय गतिविधियाँ और पश्चिमी विक्षोभ आवश्यक दशाएँ उत्पन्न करती हैं। जून-जुलाई महीनों में उत्तर भारत में अत्यधिक ताप होने के कारण संवहनीय क्रियाएँ तेज हो जाती हैं जिसके कारण धूलभरी आँधियों की बारम्बारता बढ़ जाती हैं।

429. राजस्थान में उष्ण मरूस्थली जलवायु के लिए कोपेन ने किस कूट का प्रयोग किया?

(a) Aw (b) Ashw
(c) Bwhw (d) Cwg

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

430. राजस्थान के कौन से जिले 'आर्द्र दक्षिणी-पूर्वी मैदान' कृषि- जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं?

(a) डूंगरपुर तथा बाँसवाड़ा
(b) डूंगरपुर बाँसवाड़ा था प्रतापगढ़
(c) राजसमन्द्र, भीलवाड़ा तथा चितौड़गढ़
(d) कोटा,बूंदी, बारां, झालावाड़ तथा सवाई माधोपुर

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (d) : राजस्थान में 'आर्द्र दक्षिणी-पूर्वी मैदान' कृषि जलवायु प्रदेश के अंतर्गत कोटा, बूंदी,बारां, झालवाड़, सवाई माधोपुर जिले आते हैं राजस्थान को 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में विभाजित किया गया हैं राजस्थान का सबसे छोटा कृषि जलवायु प्रदेश आर्द्र दक्षिणी मैदान क्षेत्र है। जबकि सबसे बड़ा कृषि जलवायु प्रदेश अति शुष्क आंशिक सिंचित प्रदेश है।

431. कथन (S): राजस्थान में जनसंख्या का वितरण असमान है।
कारण(R): राज्य में जलवायु तथा उच्चावचीय कारकों में विविधता पायी जाती है।

(a) (S)तथा (R) दोनों सही हैं।
(b) (S)सही है, परन्तु (R)गलत है।
(c) (S)सही नहीं है, परन्तु (R)सही है।
(d) (S)तथा (R)दोनों सहीं नहीं हैं।

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : राजस्थान में जनसंख्या का वितरण असमान पाया जाता है। साथ ही राज्य में जलवायु तथा उच्चावचीय कारकों में विविधता पायी जाती है। राजस्थान की जलवायु शुष्क से उप आर्द्र मानसूनी है। कोपेन ने राजस्थान की जलवायु का वर्गीकरण चार वर्गो में किया है।
(i) ऊष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश (AW)
(ii) अर्द्धशुष्क जलवायु प्रदेश (Bshw)
(iii) उष्ण कटिबंधीय शुष्क मरूस्थलीय जलवायु प्रदेश (Bwhw)
(iv) उपोष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश(Cwg)।

432. राजस्थान का कौन सा क्षेत्र अर्द्धशुष्क अथवा स्टेपी जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत आता है?

(a) उदयपुर, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा
(b) जालौर, पाली, जोधपुर, नागौर, सीकर, झुन्झुनू
(c) प्रतापगढ़, चिर्त्तड़गढ़ कोटा, बूँदी, बारां
(d) गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चुरू

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (b) : राजस्थान के जालौर, पाली, जोधपुर, नागौर, सीकर झुंझुनू जिले अर्द्धशुष्क अथवा स्टेपीतुल्य जलवायु प्रदेश के अंतर्गत आते हैं। इस क्षेत्र में औसत वार्षिक वर्षा 20-40 सेमी होती है। यहाँ कांटेदार झाड़ियाँ, घास के मैदान इत्यादि पाए जाते हैं।

433. निम्नलिखित में से कौन सा एक जिला राजस्थान के उप-आर्द्र दक्षिणी मैदान प्रकार के कृषि जलवायु प्रदेश में सम्मिलित नहीं है?

(a) चित्तौड़गढ़ (b) राजसमन्द
(c) भीलवाड़ा (d) टोंक

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)